RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 20 अप्रैल 2024 | वर्ष 06 | अंक 02 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

बॉम्बे हाई कोर्ट ने किशोरी पेडनेकर को गिरफ्तारी से पहले जमानत की पुष्टि की



Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## दक्षिण मुंबई लोकसभा क्षेत्र मोहमद अली रोड की शाखा में पहुचे आदित्य ठाकरे



**संबाददाता- संजय निराले - रोख ठोक लेखणी**

**मुंबई** : दक्षिण मुंबई लोकसभा के शिवसेना उद्धव ठाकरे गट के उम्मीदवार अरविंद सावंत के प्रचार के लिए आदित्य ठाकरे मोहमद अली रोड की शाखा में पहुचे यह क्षेत्र मुस्लिम आबादी वाला है । इस क्षेत्र में पहेली बार शिवसेना की शाखा शुरू कि गई थी शुरू करनेवाले फैजुल्लाह खान है जो शिवसेना की समनवयक पोस्ट पे है। आदित्य ठाकरे को देखने काफी संख्या में लोग जमा हुए , ठाकरे परिवार से पहली बार इस इलाके में आए, इस लोकसभा चुनाव में मुसलमान शिवसेना उद्धव ठाकरे गट को पसंद कर रहे है। आदित्य ठाकरे ने कहा हम हिन्दू मुस्लिम नही करते काम करते है। हम सबको मिलके संविधान बचाना है। हम सब मिलके महाराष्ट्र के लिए काम करेंगे और उन्होंने खुशी व्यक्त की, जो बरोसा मुसलमान उनके परिवार पर कर रहे है वो टूटने नही देंगे।

## खारघर में 25 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार



**पनवेल:** वाशी में एक चौंकाने वाली घटना घटी है जहां खारघर कॉलोनी में रहने वाली 25 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार किया गया। पीड़ित लड़की ने खारघर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वाशी में रहने वाले एक शख्स ने पिछले दो साल में उसके साथ दुष्कर्म किया था जिसके बाद पुलिस ने इस शख्स के खिलाफ रेप और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है. दुराचारी ने खुद को वरिष्ठ अधिकारी बताकर पीड़िता को शादी का झांसा दिया। पुलिस शिकायत में, पीड़िता ने कहा कि उसका विश्वास हासिल करने के बाद, नवी मुंबई के सानपाड़ा में होटल स्काई सूट में उसके साथ बार-बार हमला किया गया।

## महायुति के अधिकृत उम्मीदवार मिहिर कोटेचा की भांडुप की सभा घिरी विवादो मे...

### बालासाहेब ठाकरे,आनंद दिघे की तस्वीर मंच से गायब होने पर शिवसैनिको ने सभा का किया निषेध





**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी )**कल शाम भांडुप मे महायुति के अधिकृत उम्मीदवार मिहिर कोटेचा की भांडुप की सभा मे मंच मे सभी बीजेपी की राष्ट्रिय नेताओं की तस्वीर लगाई गई थी। परंतु हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे, आनंद दिघे की तस्वीर न लगाने पर शिंदे गुट शिवसेनापार्टी कार्यकताओं ने सभा से वॉक आउट कर बालासाहेब ठाकरे के निष्ठवंत शिवसैनिको ने जमकर हंगामा काटने और विरोध मे की नारे बाजी कर निषेध करने की खबर उजागर हुई है। जिससे राजनीतिक गलियारे मे यह खबर आग की तरह फैल गई। अब कयास यह लगाया जा रहा है जामिनी स्थर पर शिंदे गुट शिवसैनिको और भाजपा कार्यकर्ताओ मे सबकुछ ठीक नहीं होने के संकेत दिया है। आक्रोशित शिवसैनिको ने जमकर किया बीजेपी के खिलाफ नारे बाजी। वहीं जब इस संबंध मे शिंदे गुट व बीजेपी उम्मीदवार से प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया तो संपर्क नहीं हो पाया है। अगर सेना बीजेपी मे एक दूसरे को लेकर निचा दिखाने का कार्य लगातार जारी रहेगा तो महायुति के उम्मीदवार मिहिर कोटेचा की जीत दूर दिखाई पड़ती है।

# शिवसेना को तोड़ने वाले गद्दारों को सबक सिखाना है- संजय पाटिल

## उद्धव ठाकरे की शिवसेना असली शिवसेना पार्टी है...





**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी )** कल शाम घाटकोपर के हिंगवाला लेन स्थित पोपट लाल सभागृह महाविकास आघाडी की चुनावी सभा के लिए एक यादगार कार्यक्रम बन गया। जहाँ पर विभिन्न राज नितिक पार्टियों का एक संगम इंडिया आलाइंस गठबंधन के घटक दलों न्यू उपस्थित जनसमूह से महाविकास आघाडी के उम्मीदवार संजय पाटिल को जिताने की अपील किया। वहीं दूसरी ओर मंच से महाविकास आघाडी के उम्मीदवार संजय पाटिल ने हूँकार भरते हुए मंच पर से निष्टावंत पार्टी पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओ स्थानीय जनता से आहवाहन

महाविकास विकास आघाडी के उम्मीदवार संजय दिना पाटिल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की उद्धव ठाकरे की शिवसेना ही असली पार्टी है । बाकी यह मिन्दे गठ के गद्दारों को अब निशठावंत शिवसैनिको को सबक सिखाने का वक्त आगया है । उपरोक्त अवसर पर महाविकास आघाडी के विभिन्न घाटक दलों के नेताओं ने आघाडी के उम्मीदवार संजय दिना पाटिल को जिताकर दिल्ली भेजने की बात कहीं ।

देशभर मे बढ़ती जातिवाद की विचार धारा एक बार फिर से सर उठाने मे लगी है । बीजेपी अपनी रानीतिक सत्ता बचाने को लेकर जाती धर्म की राजनीतिक कर धर्म को बाँटने मे लगी है । किनकी रही उपस्थित - शिवसेना विधायक ,पूर्व मंत्री सचिन आहिर, आप पार्टी मुंबई अधक्ष्य प्रीति मेनन, आर पी आई जोगिंदर कवडे गुट, रंकापा मुंबई अधक्ष्य रखी जाधव सहित बड़ी संख्या मे गामान्य नेताओं ने अपनी उपस्थित दर्ज कारवाई । मुंबई कांग्रेस पार्टी पूर्व अधक्ष्य भाई जगताप, कार्यकरी अधक्ष्य चरण सिंह सप्रा, उल्लेखनीय तौर पर चुनावी जनसभा मे सभा गृह छोटा पड़ गया गठबंधन सहयोगी पार्टी कार्य कर्ता ओ का जनसैलाब उमड़ पड़ा । परिणाम स्वरूप मंच पर से शिवसेना उद्धव गुट आयोजकों को घोषणा करनी पड़ी शिवसैनिको को अपनी कुर्सी छोड़ दीजिये अपने मित्र पार्टी पदाधिकारियों कार्य कार्ताओ के लिया! दूसरी ओर शिवसेना उद्धव गुट विभाग प्रमुख सुरेश पाटिल, उपविभाग प्रमुख अख्तर शेख, हेमंत सालवि, मीडिया प्रभारी अरसाद भाई बड़ी संख्या मे पार्टी कार्य कर्ता ओ ने अथक प्रयास कर जनसभा को सफल बनाया।

संपादकीय...

## नसीब में चुनावी खुमार



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

**हिमाचल में टिकट आबंटन की सर्कस में कई पिंजरे, कई दीवारें, कई मजमून और कई जमूरे करतब दिखा रहे हैं। आश्चर्य यह कि चार लोकसभा सीटों के हिसाब में भी हम राजनीति के खंभों पर टंगे हैं। जनता के नसीब में चुनावी खुमार का यह आलम कि यह सदी भी बंटी हुई गुजर रही है। सामाजिक विभाजन में राजनीति की चोंच इतनी लंबी हो गई है कि अपनी ही टेढ़ी कलों में उससे सीधा खड़ा नहीं हुआ जाता और फिर नेताओं का आयात इस शर्त पर कि किसी फैसले की हर घड़ी में हम उसी दौर में घिर रहे हैं, जो अतीत के पन्नों को बर्बाद करते रहे। आश्चर्य यह कि चुनाव के ऊंट उन्हीं प्राथमिकताओं में नेताओं को ढो रहे, जो न प्रदेश के काम आए और न समय में पहचाने गए। जिक्र अब यह कि कहां पंडित से पंडित लड़ाऊं या पंडित से राजपूत को भिड़ाऊं। फलां नेता के वर्चस्व में उसकी औलाद को आजमाऊं। हर रोज हिमाचल की सियासत जातिवाद, क्षेत्रवाद, अवसरवाद और परिवारवाद के पिंजरे में जाकर सोच रही है और जनता को भी भ्रम है कि इस तरह दीवारें टूटेंगी। हमारे नेता वे नहीं जो हम सोच रहे हैं, बल्कि वो हैं जो समाज को टुकड़ों में विभक्त कर सकते हैं। इसलिए टिकट आबंटन में जातियों के मंच ऊंचे और विचारधारा कहीं धरातल पर दब रही है। आश्चर्य यह कि विचारधारा की चिडिया कम से कम हिमाचल में विलुप्त होती जा रही है। रोते हैं वे हार जो कभी तेरी गर्दन पे चढ़े थे, आज उन्हीं को झुका कर तूने विपक्ष को चूम लिया। हिमाचल की राजनीति में जिस तेजी से राजनीतिक प्राणी फडफड़ा रहे हैं, उसे देखकर विचारधारा गौण हो जाती है। गगरेट की जनता जिस दृश्य में चुनाव देख रही है वहां पूर्व विधायक राकेश कालिया का कांग्रेस में आना, शोला है या शबनम, कौन जानता है। कब भाजपा में चले जाएं या लौट के कांग्रेस में आ जाएं, यह एक चुनाव भर का अंतर है। हर तरफ चुनाव की गोपियां नाच रही हैं, भंवरे गीत गा रहे हैं और कहीं मधुमक्खियों के छत्ते में शहद रखा है। कसौटी यही हैं कि भरे बाजार में उतर जाएं तो कुछ तो दाम या दान मिलेगा।**

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# भीषण गर्मी के बीच मुंबई में मचा हाहाकार...

# तापमान चढ़ने के साथ बिजली कटौती शुरू



**मुंबईः** वसई-विरार में भीषण गर्मी व उमस ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। एक तरफ गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है, तो दूसरी तरफ बिजली कटौती से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। पिछले एक सप्ताह से पारा 38-39 डिग्री के पार जा रहा है। मौसम का गर्म मिजाज देखते हुए क्षेत्र में टैंकर माफिया व मिनरल वॉटर बेचने वाले सक्रिय हो गए हैं। यह लोग महंगे दर पर पानी बेच रहे हैं। वसई-विरार में इन दिनों लोगों को बिजली और पानी की समस्या ने परेशानी में डाल रखा है। भीषण गर्मी का सबसे ज्यादा असर स्लम व ग्रामीण इलाकों में देखने को मिल रहा है। लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। हालांकि जलापूर्ति विभाग का कहना है कि उन्होंने ग्रामीण भागों में टैंकरों से पानी की सप्लाई शुरू कर दी है, लेकिन लोगों का कहना है कि उन्हें टैंकरों से ज्यादा कीमत पर पानी खरीदना पड़ रहा है।

बता दें कि वसई-विरार में हर साल गर्मियों में पानी की बड़ी किल्लत हो जाती है। गर्मी बढ़ते ही पानी बेचने वालों ने पानी के दाम बढ़ा दिए हैं। खासकर टैंकर माफिया गर्मी का फायदा उठाकर दोगुनी कीमत पर पानी बेच रहे हैं। पहले जो टैंकर आठ सौ रुपये में मिलता था, अब उसका डेढ़ हजार रुपये वसूल किए जा रहे हैं। इसी तरह मिनरल वॉटर बेचने वाले भी लोगों से ज्यादा पैसे वसूल रहे हैं। तीस रुपये का केन अब दोगुनी कीमत पर बेचा जा रहा है।

इन इलाकों में पानी की किल्लत

कामन, बेलकडी, मोरी, बाफना, जुचंद्र, चिंचोटी, कनेर, पारोल, पेल्हार, सातीवली, वाघरल पाडा, गड़गा पाडा, विरार फाटा, ससुनवघर, मालजी पाडा, रिचर्ड कंपाउंड, धानिवबाग, वाकन पाडा समेत कई स्लम इलाकों में पानी की सबसे ज्यादा किल्लत है। यहां लोगों के पास इतने पैसे भी नहीं है, जो टैंकर मंगवाकर अपनी प्यास बुझा सकें। लोगों को दूर-दूर से जाकर पानी लाना पड़ रहा है।

गर्मी का फायदा उठाकर पानी का अधिक पैसे लेना सरासर गलत है। हमने कुछ ग्रामीण भागों में मुफ्त में टैकरों से पानी की सप्लाई शुरू कर दी है।

## महाराष्ट्र की कांग्रेस उम्मीदवार प्रणीति शिंदे का शक्ति प्रदर्शन, सोलापुर सीट से भरा नामांकन...



**मुंबई :** भीषण गर्मी के बीच बड़े पैमाने पर शक्ति प्रदर्शन के बाद, महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की कांग्रेस विधायक प्रणीति सुशील कुमार शिंदे ने गुरुवार को सोलापुर (एससी) लोकसभा क्षेत्र के लिए अपना नामांकन दाखिल किया. शिंदे (43) के साथ उनके पिता पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे, उनके परिवार के सदस्य, राज्य कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले और शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा), समाजवादी पार्टी, भाकपा, माकपा और आप समेत एमवीए सहयोगियों के अन्य वरिष्ठ नेता भी थे. पटोले ने बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उस पर ''पिछले 10 साल से देश को पतन की ओर धकेलनेह्व का आरोप लगाया.

पटोले ने कहा, ''नरेंद्र मोदी लोगों से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहेङ्क इसकी बजाय, वह एक भ्रष्ट शासन का नेतृत्व कर रहे हैं क्योंकि सभी दलों के भ्रष्टाचार के आरोपी नेता अब बीजेपी में हैं. इसके विपरीत, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पिछले कुछ वर्षों में भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से जनता के दर्द और समस्याओं को समझने के लिए उनसे सीधे संवाद किया.ह्व पटोले ने लोगों के घरों को ध्वस्त करने की बुल-डोजर रणनीति के माध्यम से महाराष्ट्र की संस्कृति को खराब करने के लिए राज्य सरकार की भी आलोचना की, क्योंकि उन्होंने मतदाताओं से बीजेपी को सत्ता से हटाने की अपील की. उन्होंने कहा, ''बीजेपी शहर के विकास या लोगों की वास्तविक समस्याओं को हल करने में एक बड़ी बाधा बन गई है. अब आने वाले लोकसभा चुनाव में इसे किनारे करने का समय आ गया है.''अनुभवी माकपा नेता नरसय्या एडम ने सोलापुर में विशाल रे नगर कॉलोनी के पुनर्विकास का श्रेय लेने की कोशिश के लिए बीजेपी पर हमला किया.

## महाविकास आघाडी के उम्मीदवार अनिल देसाई के समर्थन मे चेंबूर की जनता दक्षिण मध्य मुंबई में बदलाव की लहर...



**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी )** कल शाम को पूर्व बेस्ट समिति अध्यक्ष, नगरसेवक अनिल पाटणकर के चेंबूर घाटला गावों मे प्रचार पद यात्रा का आयोजन रखा गया था। उल्लेखनीय तौर कर मतदाताओ के बीच अब यही चर्चा आम हो चली है की असली शिवसेना का मुकाबला नकली शिवसेना से है। शिवसेना प्रमुख उद्धव बालासाहेब ठाकरे ने अनिल देसाई को दक्षिण मध्य मुंबई निर्वाचन क्षेत्र की निष्टवंत जनता की सेवा करने के लिए महाविकास आघाडी सरकार के अधिकृत उम्मीदवार के तौर पर टिकट देकर भेजा है ।

दूसरी ओर राजनीतिक पंडितो ने दक्षिण माध्य मुंबई मे शिवसेना शिंदे गुट सांसद राहुल शेवाले की जीत के राह अनिल देसाई के मैदान मे उतरने से आसान नहीं रही है। चेंबूर से लेकर माहिम तक मराठीमतों के भरोसे जीत दर्ज करने वाले राहुल शेवाले को इस बार मराठी वोटों पर अब एक छत्र अधिकार नहीं रख पायेंगे । जिसके चलते मराठीयों मे हमेशा अस्मिता की बुलंद आवाज शिवसेना के लिए अब अपने हक का मत देने के लिए कमर कस ली है। जिससे राहुल शेवाले बनाम अनिल देसाई की लडाई टक्कर की होने वाली है।

# डोंबिवली में कोपर शिव सेना शाखा के पास अवैध बिल्डिंग का निर्माण

## बिजनेस ब्लॉक बनाकर बेचने की तैयारी...

**डोंबिवली :** डोंबिवली पश्चिम वार्ड की सीमा में कोपर गांव में सबसे ज्यादा अवैध निर्माण चल रहा है। इन अवैध निर्माणों के कारण स्थानीय निवासी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कल्याण डोंबिवली नगर पालिका से भवन परमिट प्राप्त किए बिना कोपर में 90 फीट रोड पर साईं आर्केड भवन के बगल में शिव सेना शाखा के पास एक अवैध इमारत का निर्माण शुरू कर दिया है। पिछले महीनों से इस क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों, कुछ लोगों ने अवैध निर्माण को लेकर नगर निगम आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ अतिक्रमण नियंत्रण उपायुक्त अवधूत तावड़े से शिकायत कर रही हैं, शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. चूंकि नगर पालिका इस अवैध निर्माण पर ध्यान नहीं दे रही है, इसलिए एक शिकायतकर्ता ने मंत्रालय में शहरी विकास विभाग के प्रमुख सचिव से शिकायत की है।

कोपर में, जबकि शिवसेना शाखा के पास 90 फीट सड़क का निर्माण चल रहा है, स्थानीय



निवासी सवाल कर रहे हैं कि क्या इस वार्ड के नियंत्रक कनिष्ठ अभियंता बेइत मुकादम को अवैध निर्माण दिखाई नहीं दे रहा है। नगर आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ ने दो महीने पहले बॉम्बे हाई कोर्ट में हलफनामा दिया है कि कल्याण डोंबिवली नगरपालिका सीमा में कोई नया अवैध निर्माण नहीं किया जाएगा। हालाँकि, जैसा कि नगरपालिका सीमा में नए अवैध निर्माण चल रहे हैं, डोंबिवली के एक जागरूक नागरिक किशोर सोहोनी ने अवैध निर्माण के खिलाफ आयुक्त के उच्च न्यायालय के उपक्रम को चुनौती देते हुए बुधवार को बॉम्बे उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की। इससे कमिश्नर मुश्किल में फंस सकते हैं।

अतिक्रमण नियंत्रक आयुक्त, उपायुक्त द्वारा शिकायत पर संज्ञान नहीं लेने के बाद पिछले माह से कोपर में 90 फुट रोड पर भू-माफिया दिनदहाड़े अवैध भवन व व्यवसायिक भूखंड का निर्माण कर रहे हैं. इस अवैध बिल्डिंग के निर्माण के दौरान इस तरह से निर्माण पूरा किया जा रहा है कि इसमें रहने वाले लोग रह सकें. चल रहे निर्माण में, खिड़कियाँ, छतों के दरवाजे, वाणिज्यिक शेडों के लिए लोहे के शटर लगाए गए हैं और बिक्री के लिए तैयार हैं।

कोपर क्षेत्र के सखारामनगर परिसर क्षेत्र में नगर पालिका के आरक्षित भूखंड पर दो से तीन अवैध इमारतें खड़ी हो गई हैं। शिकायतें हैं कि इन इमारतों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है. अधिकारियों का कहना है कि कोपर इलाके में कार्रवाई करते समय उन्हें दबाव का सामना करना पड़ता है क्योंकि वहां काफी राजनीतिक दबाव होता है.

# शेयर बाजार में निवेश के नाम पर महिला से साइबर ठगी




**मुंबई:** शेयर बाजार में निवेश के नाम पर अंधेरी की एक बुजुर्ग महिला से 8 लाख 60 हजार रुपये की ठगी की गई. इस मामले में ओशिवारा पुलिस ने धोखाधड़ी के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। 60 साल की एक महिला अंधेरी के लोखंडवाला इलाके में रहती है और एक शैक्षणिक संस्थान की मालिक है। फरवरी में महिला ने मीडिया पर एक विज्ञापन देखा कि शेयर बाजार में निवेश करके अधिकतम मुनाफा कैसे कमाया जाए। उस लिंक को खोलने के बाद वह एक व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़ गई। ग्रुप में सर्वेश श्रीवास्तव नाम का शख्स उन्हें कुछ नोट्स भेजकर शेयर बाजार में निवेश की ट्रेनिंग दे रहा था. उन्होंने ही महिला को शेयरों में निवेश करने के लिए राजी किया था और अधिकतम रिटर्न का आश्वासन दिया था। इस प्रलोभन में फंसकर महिला ने उसके अनुरोध पर विभिन्न शेयरों में कुछ राशि का निवेश किया। इस निवेश के बाद उन्हें फायदा होता दिख रहा था. लेकिन वह यह रकम नहीं निकाल पाईं. रकम निकालने के लिए महिला को और पैसे निवेश करने को कहा गया।

# मुंबई मनपा को नहीं मिल रहे ठेकेदार

## पांचवी बार बढ़ानी पड़ रही टेंडर की तारीख...



**मुंबई :** देश की सबसे बड़ी महानगर पालिका की आज ऐसी हालत हो गई है कि मनपा को ठेकेदार नहीं मिल रहे हैं। मुंबई की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए सीमेंट कंक्रीट करने का निणर्य लिया था। शहर की सड़क को निर्माण करने के लिए मनपा को ठेकेदार नहीं मिल रहे हैं। मनपा ने गुरुवार को 5 वीं बार टेंडर की तारीख बढ़ाई है।

शहर की सड़क को सीमेंट कंक्रीट करने का ठेका मनपा ने वर्ष 2023 में दिया था। शहर के लिए रोड वे ने ठेका भरा था, लेकिन ठेकेदार ने समय पर काम नहीं किया। मनपा ने इसके लिए ठेकेदार पर 56 करोड़ का दंड लगाकर ठेकेदार का ठेका रद्द कर दिया। मनपा अब इस काम के लिए दोबारा टेंडर प्रक्रिया शुरू की। मनपा ने डेढ़ माह पूर्व से टेंडर प्रक्रिया शुरू की लेकिन मनपा को ठेकेदार नहीं मिला रहा हैं।

# बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी को जल्द तलब कर सकती है ईडी

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ ईडी ने बड़ा एक्शन लिया है. ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय की मुम्बई ब्रांच ने पीएमएलए एक्ट के तहत फिल्म एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा से जुड़ी 97.79 करोड़ रुपये कीमत की संपत्ति जब्त की है. ईडी सूत्रों की मानें तो जब्त की गई संपत्ति में जुहू में स्थित एक बंगला शामिल है, जो शिल्पा शेट्टी के नाम पर है. साथ ही पुणे में मौजूद एक बंगला भी शामिल है. इसके अलावा राज कुंद्रा के नाम पर कुछ शेयर भी ईडी ने जब्त किए हैं.

दरअसल, जांच एजेंसी ईडी ने महाराष्ट्र में दर्ज अलग-अलग एफआईआर को आधार बनाकर पीएमएलए एक्ट के तहत जांच शुरू की थी. आरोप था कि मेसर्स वेरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड, स्वर्गीय अमित भारद्वाज, अजय



भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, सिंपी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और अन्य टच्छट एजेंट्स ने करीब 6600 करोड़ रुपये की बिटकॉइन साल 2017 में फर्जी वादों के आधार पर इन्वेस्टर्स से हासिल किए, जिन्हें 10 परसेंट रिटर्न्स का भरोसा दिया गया था. और उन्हें बिटकॉइन माइनिंग में निजी हितों के लिए इस्तेमाल किया. यह एक तरह की पोंजी स्किम थी.

ईडी का आरोप है कि इस घोटाले के मास्टरमाइंड से शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा ने 285 बिटकॉइन हासिल किए थे. ये बिटकॉइन अमित भारद्वाज ने निवेशकों से धोखा कर हासिल किए और यूक्रेन में बिटकॉइन माइनिंग में इन्वेस्ट किये. राज कुंद्रा के पास इस घोटाले के प्रोसीड ऑफ क्राइम से 285 बिटकॉइन आये, जिनकी कीमत आज की तारीख में 150 करोड़ रुपये से ज्यादा की है. ईडी ने इस मामले में रेड कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था. बता दें कि पिछले साल 17 दिसंबर 2023 को सिंपी भारद्वाज, 29 दिसंबर 2023 को नितिन गौर और 16 जनवरी 2023 को अखिल महाजन गिरफ्तार हुए थे. ये सभी अभी जेल में हैं. इस मामले के मुख्य आरोपी अजय भारद्वाज और महेंद्र भारद्वाज अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश जांच एजेंसी ईडी कर रही है. इस मामले में इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय 69 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त कर चुका है.

# ठाणे: 10 साल के बच्चे को अमरूद के पेड़ से बांधकर पीटा, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज




**ठाणे:** भिवंडी के टेमघर पाड़ा इलाके में गुरुवार शाम एक 10 साल के लड़के को उसके घर से बाहर लाया गया और अमरूद के पेड़ से बांधकर उसकी पिटाई की गई. इस संबंध में शांतिनगर पुलिस स्टेशन में किशोर न्याय अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। टेमघर पाड़ा इलाके में 10 साल का एक लड़का अपने परिवार के साथ रहता है. उनकी मां एक मजदूर हैं. गुरुवार शाम करीब 7 बजे उसके पड़ोस में रहने वाली एक महिला उसके घर आई। उसके हाथ में एक लकड़ी की छड़ी थी। महिला ने लड़के के साथ गाली-गलौज और मारपीट की और उसे घर से बाहर ले आई। इसके बाद महिला और उसके बेटे ने लड़के को इलाके में एक अमरूद के पेड़ से बांध दिया। उन्होंने यह भी सवाल पूछना शुरू कर दिया कि वाहन क्यों क्षतिग्रस्त हुआ। लड़के को पीटा गया जबकि उसने कहा कि उसने ऐसी कोई हरकत नहीं की है. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर गई. इस मामले में महिला और उसके बेटे के खिलाफ शांतिनगर थाने में मामला दर्ज किया गया है.

# सुनेत्रा की रैली में अजित पवार के बयान से खड़ा हुआ विवाद

## MVA नेताओं का आरोप-वोटरों को धमका रहे हैं डिप्टी सीएम

### महाराष्ट्र कांग्रेस ने चुनाव आयोग से कार्रवाई करने की मांग की

**मुंबई:** महाराष्ट्र में फैमिली फाइट के लिए सुर्खियों में बनी बारामती सीट पर महाराष्ट्र में उप मुख्यमंत्री अजित पवार के बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि 18 अप्रैल को सुनेत्रा अजित पवार के नामांकन के बाद अजित पवार ने वोट देने पर ही फंड जारी करने का बयान दिया। फंड के बदले वोट को लेकर महाराष्ट्र में अब विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के नेता रोहित पवार ने अजित पवार के इस बयान को आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता अतुल लोंडे ने भी अजित पवार के बयान की आलोचना की है।



**महायुति ने किया था शक्ति प्रदर्शन**

बारामती में सुनेत्रा पवार के नामांकन से पहले महायुति के तीनों बड़े चेहरे मौजूद रहे थे। इस मौके पर सीएम एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शरद पवार को निशाने पर लेते हुए कहा था कि इस बार बारामती में बदलाव निश्चित है। सुनेत्रा को दिल्ली जाने से कोई नहीं रोक पाएगा। बारामती में पत्नी के नामांकन के बाद देर रात अजित पवार ने एक कार्यक्रम में कहा कि अगर मतदाता समर्थन करेंगे तो ही वह विकास निधि जारी करेंगे। विपक्षी दलों ने उन पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

**रोहित पवार ने पूछा सवाल**

रोहित पवार ने अजित पवार से सवाल किया है कि दादा किस फंड की बात कर रहे हैं? क्या ये फंड उनके दोस्तों के पास हैं या ये सरकारी विकास फंड हैं? चूंकि जनता समर्थन नहीं कर रही है, इसलिए अब फंड रोकने की धमकी देना आचार संहिता का उल्लंघन है। चुनाव आयोग को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। कांग्रेस के प्रवक्ता अतुल लोंडे ने पूछा है कि डिप्टी सीएम चुनाव के दौरान ऐसे बयान कैसे दे सकते हैं? उन्होंने अनिवार्य रूप से मतदाताओं को धमकी देते हुए कहा है कि यदि उन्होंने उनकी पत्नी को वोट नहीं दिया, तो वह धन रोक देंगे। यह लोकतंत्र और चुनाव आचार संहिता का मजाक है। लोंडे ने कहा कि कहा कि उम्मीद करते हैं कि चुनाव आयोग कड़ी कार्रवाई करेगा ताकि कोई मतदाताओं को धमकी न दे सके। हमें स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की जरूरत है, जो फिलहाल नहीं हो रहा है।

# बॉम्बे हाई कोर्ट ने किशोरी पेडनेकर को गिरफ्तारी से पहले जमानत की पुष्टि की



**मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने गुरुवार को कोविड-19 पीड़ितों के लिए बॉडी बैग की खरीद में कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में शिवसेना (यूबीटी) नेता और मुंबई के पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण की पुष्टि की। न्यायमूर्ति एनजे जमादार की एकल न्यायाधीश पीठ ने सबसे पहले 6 सितंबर, 2023 को पेडनेकर को चार सप्ताह के लिए गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा दी और समय-समय पर सुरक्षा जारी रही। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) मुंबई का प्रतिनिधित्व करने वाले अभियोजक द्वारा अदालत को सूचित करने के बाद राहत दी गई कि पेडनेकर ने जांच में सहयोग किया था।

पेडनेकर ने कोविड-19 बॉडी बैग घोटाले के संबंध में सत्र अदालत द्वारा अग्रिम जमानत की उनकी याचिका खारिज होने के बाद अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। एफआईआर में पेडनेकर के साथ-साथ आईएएस अधिकारी पी वेलरासु और डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर को भी शामिल किया गया था। जिसमें ऊंची कीमत पर कोविड-19 बॉडी बैग खरीदने में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। कथित तौर पर टेंडर वेदांता इनोटेक प्राइवेट लिमिटेड को वन केयर सॉल्यूशन कंपनी को दिए गए एक अन्य अनुबंध से काफी अधिक दर पर दिया गया था। पेडनेकर ने अपनी याचिका में तर्क दिया कि शिकायतकर्ता, भाजपा नेता किरीट सोमैया का अन्य दलों के राजनेताओं को निशाना बनाने का इतिहास रहा है और उनके खिलाफ शिकायत राजनीति से प्रेरित थी।

### मुंबई में ट्रेन से युवक ने फेंका गुटखे का पाउच, करतूत पर शर्मिंदा होने के बजाय दिया उल्टा जवाब; बोला- रेलवे को...



**मुंबई :** मुंबई समेत देश की कई मेट्रो टेन और अन्य ट्रेनों के वीडियो सामने आते रहते हैं। इनमें से कई वीडियो रील बनाने वाले कथित इंफ्लूएंसर्स के होते हैं। वहीं, कई बार यात्रा के दौरान सीट को लेकर लड़ाई-झगड़े के वीडियो भी सामने आते रहते हैं। ऐसा ही एक वीडियो मुंबई की एक ट्रेन का सामने आया है, जहां एक यात्री ट्रेन में तम्बाकू (गुटखा) खाने के बाद उसका रैपर खिड़की के बाहर फेंक देता है। वहीं उसके सामने वाली सीट पर बैठा यात्री उसे ऐसा न करने की समझाइश देता सुनाई दे रहा है। साथ ही वह उसका वीडियो भी रिकॉर्ड कर रहा है। वीडियो में साफ दिखाई और सुनाई दे रहा है कि ट्रेन से कचरा फेंकने वाला युवक समझाने के बाद भी अपनी गलती नहीं मान रहा है और उल्टा तर्क दे रहा है कि वह रेलवे को मेंटिनेन्स के लिए पैसे देता है तो वह ऐसा करेगा।

### नासिक: गिरोह निरोधक दस्ते ने फरार चल रहे एक आरोपी को सातपुर से गिरफ्तार किया



**नासिक:** मध्य प्रदेश में एक अपराध में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरोह निरोधक दस्ते ने सातपुर से गिरफ्तार किया है. मध्य प्रदेश, गुजरात में लोकसभा चुनाव के सिलसिले में फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक को अदालत के आदेश से नोटिस जारी किया गया था। संबंधित आरोपियों को पकड़ने के लिए गिरोह निरोधक दस्ते को आदेश दिया गया। तदनुसार, एंटी-गैंगस्टर टीम को सातपुर क्षेत्र में मध्य प्रदेश के भगोड़े संदिग्ध मिलिंद कांबले के बारे में जानकारी मिली। टीम ने सातपुर इलाके में जाल बिछाकर संदिग्ध कांबले को गिरफ्तार कर लिया. आगे की कार्रवाई के लिए कांबले को मध्य प्रदेश पुलिस की हिरासत में सौंपने के लिए एक टीम भेजी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑनलाइन स्कैम चरम पर... नवी मुंबई के युवक ने गंवाए 45 लाख रुपये




**नवी मुंबई :** भारत में ऑनलाइन स्कैम चरम पर है। हर दिन लोगों के साथ ठगी हो रही है। किसी भी तरीके से किसी के भी साथ ठगी हो सकती है। अब ऑनलाइन ठगी का एक ताजा मामला सामने आया है जिसमें एक युवक को 45 लाख रुपये का चूना लगा है। ठगी का यह ताजा मामला ऑनलाइन ट्रेडिंग से जुड़ा है। मामला नवी मुंबई का है। 44 वर्षीय एक युवक को सोशल मीडिया पर शानदार रिटर्न का दावा करने वाला एक पोस्ट दिखा था जिसके जाल में युवक फंसा। रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना 3 मार्च 2024 की है। युवक ने बढ़िया रिटर्न देखकर लिंक पर क्लिक किया और कुछ फॉर्म भरे जिसमें उसने अपनी निजी जानकारी भी दी। इसके बाद वह जाल में फंसता गया और कुल 45.69 लाख निवेश कर डाले। जब उसने पैसे निकालने की कोशिश की यह संभव नहीं हो पाया। उसके बाद उसने साइबर पुलिस में इसकी शिकायत की है। पुलिस ने सेक्शन 420 (धोखाधड़ी), 406 (भरोसा तोड़ने) और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है और जांच जारी है। सोशल मीडिया आईडी के जरिए भी मामले की जांच की जा रही है।

### 30 वर्षीय शख्स पर जानलेवा हमला... दो गिरफ्तार



**नालासोपारा :** तुलिंज पुलिस स्टेशन अंतर्गत एक 30 वर्षीय शख्स के ऊपर चाकू से हमला होने की घटना सामने आई है। इस मामले में तुलिंज पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, गणेश महेश जसवाल (30), निवासी-काजू पाडा, तुलिंज रोड, नालासोपारा पूर्व में रहता है। बताया जाता है कि, 15 अप्रैल की रात्रि लगभग 2 बजे के आसपास गणेश तुलिंज ब्रिज के नीचे सब्जी मंडी से बायीं ओर सीढ़ियां चढ़कर ऊपर जा रहा था, इसी बीच सड़क पर बैठे कारण से विवाद हो गया, उस समय शख्स ने गणेश के साथ दुर्व्यवहार किया, तभी दूसरे शख्स ने गणेश को धक्का दे दिया और उसके पेट के बाईं ओर चाकू से 2 बार वार कर दिया।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com